# <u>उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल</u>

दिनांकः २०/०५/२०१६

## <u>नीलामी सूचना</u>

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल में न्यायालय की **<u>निष्प्रयोज्य सामग्री (रद्दी कागज, अखबार, कॉज लिस्ट, टिन, लोहा, प्लास्टिक, टायर, प्रिंटर कार्टिरेज इत्यादि)</u>** की नीलामी हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म को नीलामी में भाग लेने हेतु जमानत के रुप में रु.५,०००/- (रिफन्डेबल) तथा रु.२००/- (नॉन-रिफन्डेबल) के डिमान्ड ड्राफ्ट जो **"महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, नैनीताल"** के नाम देय हों, मुहरबन्द निविदा के साथ संलग्न कर दिनांक ०३/०६/२०१६ की दोपहर १२:०० बजे तक जमा करने होंगे। प्राप्त निविदायें दिनांक ०३/०६/२०१६ की दोपहर १:०० बजे अधोहस्ताक्षरी/अधिकृत अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म, निविदा की समस्त शर्तों/नियमों का विवरण तथा सामग्री का अवलोकन नजारत अनुभाग से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकता है। विवरण उच्च न्यायालय की वैबसाइट http://highcourtofuttarakhand.gov.in पर भी उपलब्ध है।

ह०/-
**महानिबन्धक**
**उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल**

प्रतिलिपि निम्न को इस आषय के साथ प्रेषित है कि वे अपने नोटिस बोर्ड पर इसे वृहद प्रचार हेतु चस्पा करवायें:-

१. जिला न्यायाधीष, नैनीताल।
२. आयुक्त, कुमांऊ मण्डल, नैनीताल।
३. जिलाधिकारी, नैनीताल।
४. अपर जिला न्यायाधीष, सिविल कोर्ट, हल्द्वानी।
५. जिला सूचना अधिकारी, नैनीताल।
६. अधिषाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नैनीताल।
७. लोक निर्माण विभाग, उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल।
८. न्यायालय के नोटिस बोर्ड एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करने हेतु।

**व्यवस्थाधिकारी**
**उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल**

## नियम एवं शर्तें

१. इच्छुक व्यक्ति/फर्म, निविदा की समस्त शर्तों/नियमों का विवरण तथा सामग्री का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में नजारत अनुभाग से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकता है। विवरण उच्च न्यायालय की वैबसाइट http://highcourtofuttarakhand.gov.in पर भी उपलब्ध है।

२. इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों द्वारा सामग्री का अवलोकन कार्यदिवसों में दोपहर ४:०० बजे से ५:०० बजे के मध्य किया जा सकता है।

३. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/फर्म को नीलामी में भाग लेने हेतु जमानत के रुप में रु.५,०००/- (रिफन्डेबल) तथा रु.२००/- (नॉन-रिफन्डेबल) के डिमान्ड ड्राफ्ट जो **"महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, नैनीताल"** के नाम देय हों, मुहरबन्द निविदा के साथ (**नियम एवम् शर्तों** की कॉपी तथा **संलग्नक फार्म-१** को भरकर तथा हस्ताक्षर करके) संलग्न कर दिनांक ०३/०६/२०१६ की दोपहर १२:०० बजे तक जमा करने होंगे।

४. प्राप्त निविदायें दिनांक ०३/०६/२०१६ की दोपहर २:०० बजे अधोहस्ताक्षरी/अधिकृत अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी।

५. असफल बोली दाताओं का रु.५,०००/- का डिमान्ड ड्राफ्ट अगले दिन वापस कर दिया जाएगा। सफल बोली दाता का रु.५,०००/- का डिमान्ड ड्राफ्ट, समस्त धनराषी जमा करने तथा सामान को उठवाने के उपरान्त ही वापस किया जाएगा।

६. सफल निविदादाता को कुछ निर्देषित सामग्री (फाइलों) को इतने बारीक टुकडों में कटवाना होगा जिससे कि वे उपयोगार्थ ना रहें। उक्त कार्य हेतु उपयोग में आने वाली कटींग मषीन, मजदूरी, ईलेक्ट्रोनिक कांटा इत्यादि की व्यवस्था निविदादाता को स्वयं के खर्चे पर करनी होगी।

७. सामग्री किसी भी दषा में निर्धारित न्यूनतम मूल्य से नीचे नीलाम नहीं की जाऐंगी। सामग्री का निर्धारित न्यूनतम मूल्य निम्न प्रकार हैं:-

| | |
|---|---|
| • रद्दी कागज/अखबार/कॉज लिस्ट (मय गत्ता) | रु.१२.०० प्रति किलो |
| • लोहे का सामान | रु.१७.०० प्रति किलो |
| • टिन का सामान | रु.१०.०० प्रति किलो |
| • प्लास्टिक का सामान | रु.१०.०० प्रति किलो |
| • टायर | रु.१००.०० प्रति नग |
| • प्रिंटर कार्टिरेज | रु.१०.०० प्रति नग |

८. सफल निविदादाता को उसके द्वारा लगाये गए मूल्य के अतिरिक्त सम्बन्धित टैक्स (जैसा लागू हो) भी जमा करना होगा।

९. निविदाकर्ता द्वारा सामान का समस्त मूल्य माननीय न्यायालय के रोकड़ अनुभाग में जमा करने के उपरान्त ही सामान उठाने दिया जाएगा।

१०. समस्त सामग्री को ०३ दिवसों के अन्दर उठाना होगा। ०३ दिवसों के अन्दर सामान न उठाने तथा/अथवा समस्त धनराषी जमा न कर पाने की स्थिति में समस्त सुरक्षा धनराषी जब्त कर ली जाएगी।

११. माननीय उच्च न्यायालय को बिना कारण बताए निलामी की तिथि में परिवर्तन करने तथा समस्त निलामी प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार होगा।

१२. यदि माननीय न्यायालय के संज्ञान में यह बात आती है कि बोली दाताओं ने आपस में सांठ-गांठ कर ली है जिसकी वजह से संस्था को उचित मूल्य नहीं मिल रहा है तो ऐसी स्थिति में निलामी निरस्त/स्थगित करने का पूर्ण अधिकार माननीय न्यायालय को होगा।

१३. निलामी सम्बन्धी किसी भी कानूनी कार्यवाही का वाद क्षेत्र केवल जनपद नैनीताल स्थित न्यायालय होगा।

ह०/-
महानिबन्धक
उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल

# फार्म–१

- व्यक्ति/फर्म का नामः– ....................................
- पिता का नामः– ....................................
- आयुः– ....................................
- व्यवसायः– ....................................

फोटो

- पूरा पताः– ............................................................
............................................................
............................................................
- मोबाइल/फोन नम्बरः– ............................................................
- ई-मेल आई.डी.ः– ............................................................

- सुरक्षा धनराषी के डिमान्ड ड्राफ्ट का विवरणः–
  - रु.५,०००/– (रिफन्डेबल) .............................................. ..........
  - रु.२००/– (नॉन-रिफन्डेबल) ...................................................... ........

- लगाई गई बोली (निर्धारित न्यूनतम मूल्य से ऊपर)ः–

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | न्यूनतम निर्धारित मूल्य | लगाई गई बोली |
|---|---|---|---|
| १. | रद्दी कागज/अखबार/कॉज लिस्ट (मय गत्ता) | रु.१२.०० प्रति किलो | |
| २. | लोहे का सामान | रु.१७.०० प्रति किलो | |
| २. | टिन का सामान | रु.१०.०० प्रति किलो | |
| ३. | प्लास्टिक का सामान | रु.१०.०० प्रति किलो | |
| ४. | टायर | रु.१००.०० प्रति नग | |
| ५. | प्रिंटर कार्टिरिज | रु.१०.०० प्रति नग | |

मैंने नीलामी के सभी नियम एवम् शर्तों को भलीभांती पढ़ व समझ लिया है तथा मैं उपरोक्त सभी नियम एवम् शर्तों को मानने के लिए सहमत हूँ।

स्थानः–

दिनांकः– व्यक्ति/फर्म के हस्ताक्षर